# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनांकित 28.04.2025 के अनुपालन में जनपद न्यायालय हमीरपुर के आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में लगे हुए सूखे पेड़ो की कटाई कराकर नीलामी कराई जानी है। इसी क्रम में सादर अवगत कराना है कि जनपद न्यायालय हमीरपुर के न्यायालय परिसर में चार सूखे पेड़ लगे है जिनका मूल्य मु0 4766/- तथा आवासीय परिसर में तीन सूखे वृक्ष लगे हैं जिनका मूल्य मु0 3252/- **कुल मु0 8018/- (मु0 आठ हजार अट्ठारह रूपये मात्र)** का आकलन किया गया है। सूखे हुए पेड़ो को कटवाकर ले जाने तथा साफ सफाई करने की नीलामी के लिए दिनांक 15.05.2025 को सायं 2.00 बजे नियत की जाती है। उक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक 15.05.2025 को समय 11.00 बजे तक अपने-अपने प्रार्थनापत्र केन्द्रीय नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय हमीरपुर में आधार कार्ड, पेन कार्ड व जमानत धनराशि मु0 1000/- (एक हजार रू0 मात्र) सहित प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त नीलामी निम्नलिखित शर्तों के अधीन सम्पादित की जायेगी।

1. नीलामी आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक बोलीदाता को निर्धारित जमानत धनराशि के रुप में मु० 1000/- रुपये (मु०एक हजार रुपये मात्र) नगद दिनांक 15.05.2025 को समय 11.00 बजे तक केन्द्रीय नजारत में जमा करने होंगे।
2. जिस व्यक्ति की नीलामी धनराशि सबसे अधिक होगी वह स्वीकार की जायेगी।
3. नीलामी स्वीकृत होने पर बोलीदाता की जमानत धनराशि को नीलामी की धनराशि में समायोजित किया जायेगा। नीलामी की शेष धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी।
4. नीलामी स्वीकृत होने पर बोलीदाता को सुरक्षा के साथ उक्त सूखे हुए पेड़ों की कटाई के उपरान्त उक्त स्थान की उचित साफ-सफाई करवाकर एक सप्ताह के अन्दर लकड़ी इत्यादि हटानी होगी।
5. किसी भी बोली को बिना किसी कारण के अस्वीकृत करने का क्षेत्राधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय हमीरपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

सूखे पेड़ों से सम्बन्धित नीलामी प्रक्रिया की अन्य/ विस्तृत जानकारी नजारत अनुभाग से कार्यालय समय पर की जा सकती है।

07/05/2025

सदस्य
नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्रीमान् ओ०एस०डी०(कम्प्यूटर)मा०उच्च न्यायालय,इलाहाबाद को मा०उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर नीलामी सूचना को प्रदर्शित किये जाने के अनुरोध सहित प्रेषित।
2. जनपद न्यायालय,हमीरपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. कार्यालय नगर पालिका, हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. जनपद न्यायालय,कानपुर नगर को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
6. जनपद न्यायालय,बांदा को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
7. जनपद न्यायालय,महोबा को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय,जालौन स्थान उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
9. जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
10. सिस्टम ऑफीसर, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को मा०उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, हमीरपुर की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने हेतु।

07/05/2025

सदस्य,
नीलामी समिति
जनपद न्यायालय,
हमीरपुर।